प्रेषक,

निदेशक, पंचायती राज,
उत्तर प्रदेश।

आवंटन
अनुदान संख्या–83 (आयोजनागत)
लेखाशीर्षक–4515007890500

सेवा में,

जिलाधिकारी,
शामली

संख्याः 1/1253/2014–1/82/2014 लखनऊः दिनांक 16 दिसम्बर, 2014

विषयः वित्तीय वर्ष 2014–15 में डॉ0 राम मनोहर लोहिया समग्र ग्राम विकास योजनान्तर्गत चयनित ग्रामों मे सी0सी0 रोड एवं के0सी0ड्रेन तथा इन्टरलॉकिंग टाइल्स निर्माण हेतु स्पेशल कम्पोनेन्ट सब प्लान (अनुदान संख्या–83) के अन्तर्गत आय–व्ययक में प्राविधानित धनराशि का आवंटन।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक संयुक्त सचिव उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या–916/33–3–2014–100(11)/2014 दिनांक 19 जून, 2014 (छायाप्रति संलग्न) के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2014–15 में डॉ0 राम मनोहर लोहिया समग्र ग्राम विकास योजनान्तर्गत सी0सी0 रोड एवं के0सी0ड्रेन तथा इन्टरलॉकिंग टाइल्स के निर्माण हेतु स्पेशल कम्पोनेन्ट सब प्लान के अन्तर्गत आय–व्ययक में प्राविधानित धनराशि **रू0–18750.00 लाख** सापेक्ष निदेशालय के पूर्व प्रेषित आवंटन आदेश दिनांक 25 जून, 2014 के अन्तर्गत जनपद मुजफ्फरनगर (शामली) कोषागार डी0डी0ओ0कोड संख्या 2280 में आवंटित धनराशि रू0–21.690 लाख के सापेक्ष अवशेष धनराशि रू0 10.845 लाख का समर्पण निदेशालय के आदेश संख्या–1/1242/2014–1/82/2014 दिनांक 15.12.2014 द्वारा सपर्मण स्वीकार करते हुए जनपद शामली में कोषागार कियाशील हो जाने के फलस्वरूप उक्त समर्पित धनराशि को कोषागार के डी0डी0ओ0 संख्या–2281 में **रू0–10.845 लाख (रूपया दस लाख चौरासी हजार पांच सौ मात्र)** की धनराशि संलग्न सूची में अंकित धनराशि को निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन आवंटित की जाती हैः–

1– उक्त आवंटित धनराशि का व्यय/उपयोग समाज कल्याण विभाग द्वारा जारी शासनादेश संख्या–1425 क0नि0प्र0/26–3–2013–13(21)/2013, दिनांक 10.10.2013 में उल्लिखित दिशा–निर्देशों के अनुरूप सुनिश्चित किया जायेगा।

2– उक्त आवंटित धनराशि का व्यय/उपयोग स्वीकृत प्रयोजन के लिए ही किया जायेगा। इससे इतर व्यय वित्तीय अनियमितता होगी, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व आपका होगा।

3– आवंटित की जा रही धनराशि का आहरण वित्तीय वर्ष 2014–15 की अवधि में कार्यदायी विभागों द्वारा कार्य पर वास्तविक रूप से व्यय/उपभोग की आवश्यकता के अनुसार ही किया जायेगा तथा व्यय के सम्बन्ध में वित्त (आय–व्ययक) अनुभाग–1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या–बी–1–2467/दस–2014–231/2014, दिनांक 22 जुलाई, 2014 एवं डा0 राम मनोहर लोहिया समग्र ग्राम विकास विभाग द्वारा इस सम्बन्ध में जारी किये गये अन्य समस्त आदेशों में उल्लिखित निर्देशों का कड़ाई से अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

4– उपरोक्तानुसार आवंटित धनराशि सम्बन्धित जिलाधिकारियों द्वारा आवश्यकतानुसार राजकोष से आहरित कर कार्यदायी संस्था को उपलब्ध करायेगें। सम्बन्धित कार्यदायी संस्था इस धनराशि को डिपाजिट खाते में जमा कर उसका डी0सी0एल0 पद्धति से व्यय करेगें। अधिष्ठान व्यय की धनराशि को परियोजना पर डेबिट करके लोक निर्माण विभाग द्वारा लेखा शीर्ष "1054–सड़क तथा सेतु–800–अन्य प्राप्तियॉ–01–प्रतिशतता प्रभारों की वसूली एवं ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा विभाग के प्राप्ति लेखा शीर्षक" 0515–अन्य ग्राम विकास कार्यकम–800–अन्य प्राप्तियां–02–प्रतिशतता प्रभारों की वसूली " में ट्रान्सफर इन्ट्री द्वारा केडिट किया जायेगा।

5– उपरोक्त के सम्बन्ध में यह स्पष्ट किया जाता है कि धनराशि का आवंटन (एलाटमेन्ट) मात्र किसी प्रकार के व्यय करने का प्राधिकार नहीं देता है। जिन मामलों में उ0प्र0 बजट मैनुअल और वित्तीय नियम संग्रहों तथा अन्य स्थायी आदेशों के अन्तर्गत अन्य सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति प्राप्त की जानी आवश्यक हो, उन मामलों में व्यय करने के पूर्व ऐसी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाय।

6– उक्त मदों में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2014–15 के अनुदान संख्या–83 के लेखाशीर्षक "4515–अन्य ग्राम विकास कार्यकमों पर पूंजीगत परिव्यय–789–अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना–05–समग्र ग्राम विकास योजनान्तर्गत सी0सी0 रोड एवं के0सी0 ड्रेन तथा इण्टरलाकिंग की व्यवस्था–24–वृहत् निर्माण कार्य" के नामे डाला जायगा।

Allotment Grid Report

वित्तीय वर्ष:-2014-2015
आवंटन दिनांक-16/12/2014

प्रेषण संख्या:- 1-1253-2014-1-82-2014

आवंटन आदेश संख्या:- 007-82-2014

अनुदान संख्या:- 83 समाज कल्याण विभाग (अनुसूचित जातियों के लिये विशेष घटक योजना)(वित्तीय वर्ष 2014-2015 का आवंटन)

लेखाशीर्षक:- 4515 - अन्य ग्राम विकास कार्यक्रमों पर पूंजीगत परिव्यय(आयोजनागत-मतदेय)

789 - अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना

05 - समग्र ग्राम विकास योजनान्तर्गत सी0सी0रोड एवं के0सी0

(धनराशि रु. में)

S.No.	अधिकारी/जनपद का नाम		24-वृहत् निर्माण कार्य	योग
1	शामली-2281-जिला पचायत राज अधिकारी , --01--	वर्तमान प्रगामी	1084500 8075200	1084500 8075200
	योग	वर्तमान प्रगामी	1084500 8075200	1084500 8075200

महायोग- (वर्तमान आवंटन):- रूपया दस लाख चौरासी हजार पाँच सौ

महायोग- (प्रगामी आवंटन):- रूपया अस्सी लाख पचहत्तर हजार दो सौ

(महेन्द्र नारायण)
मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी